Total number of printed pages–4

**23R–25 (HIN3104M)**

**2025**

**HINDI**

(MINOR)

Paper : HIN3104M

***(Hindi Katha Sahitya)***

*Full Marks : 60*

Time : 2½ hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

M.L.C. LIBRARY
G.L. CHOUDHURY COLLEGE

1. संक्षेप में जवाब दीजिए : 1×7=7

(क) उपन्यास के कितने तत्व होते है?

(ख) राजेन्द्र यादव के *किसी एक* कहानी संग्रह का नाम लिखिए।

(ग) हामिद के *किसी एक* दोस्त का नाम लिखिए।

(घ) छोटे महाराज किस कहानी का पात्र है?

(ङ) 'अकेली' कहानी के कहानीकार कौन है?



(च) चंदर कौन है?

(छ) फणीश्वर नाथ रेणु द्वारा लिखित *एक* उपन्यास का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) खड्ग सिंह कौन है, और वह बाबा से क्या चाहता था?

(ख) राजेन्द्र यादव की *किन्हीं दो* कहानी संग्रह का नाम लिखिए।

(ग) 'गुणाहों का देवता' उपन्यास के नायक चन्दर के *किन्हीं दो* चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(घ) "तेरी कुड़माई हो गई?" — किसने किसको पुछा था?

3. (क) "उसने कहा था" कहानी "निस्वार्थ प्रेम की अनोखा अभिव्यक्ति है।" स्पष्ट कीजिए। 5

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से *किसी एक* का उत्तर दीजिए : 5×1=5

*(i)* उपन्यास और कहानी में जो अन्तर है उसे स्पष्ट कीजिए।

*(ii)* "हामिद के अंदर प्रकाश है, बाहर आशा।" प्रस्तुत कथन से कहानीकार क्या कहना चाहता है?



(ग) निम्नलिखित अवतरणों में से *किसी एक* का स-प्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×1=5

*(i)* "उन्हें केवल यह ध्यान था कि कहीं लोग गरीबों पर विश्वास करना न छोड़ दे। उन्होंने अपनी निज की हानि को मनुष्यत्व की हानि पर न्यौछावर कर दिया। ऐसा मनुष्य, मनुष्य नहीं, देवता है।"

*(ii)* "आदमी की जिन्दगी भी कैसी अजब होती है वह रो भी नहीं सकता था, माथे पर दु:ख की रेखा भी झलकने नहीं दे सकता, इसलिए कि सामने कोई ऐसा था, जो खुद दु:खी था।"

M.L.C. LIBRARY
G.L. CHOUDHURY COLLEGE

4. निम्नलिखित में से *किन्हीं एक* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×1=10

(क) उपन्यास के विकास क्रम पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'गुणाहों का देवता' उपन्यास का कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं एक* का उत्तर दीजिए : 10×1=10

(क) तत्वों के आधार पर ईदगाह कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ख) उपा प्रियंवदा का साहित्यिक परिचय दीजिए।



6. निम्नलिखित में से *किसी एक* प्रश्नों का जवाब दीजिए : 10×1=10

(क) 'गुणाहों का देवता' उपन्यास की नायिका सुधा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) 'अकेली' कहानी में मन्नू भण्डारी ने समाज के किस यथार्थ पर प्रकाश डाला है, स्पष्ट कीजिए।

———